आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्र आज संविधान दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन देहरादून में भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।
- उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट का हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

**संविधान दिवस/राश्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है और यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने, औपनिवेशिक मानसिकता के स्थान पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण स्थापित करने का मार्गदर्शक ढाँचा है। उन्होंने कहा कि संविधान लोगों की आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के लिए एक अत्यंत प्रभावी ढाँचा प्रदान करता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि संविधान निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि संविधान के माध्यम से लोगों की सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा की रक्षा हो।

**प्रधानमंत्री/संविधान दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिखकर 1949 में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। राष्ट्र की प्रगति में संविधान की स्थायी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज़ के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा भारत एक विकसित और सशक्त राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।

**मुख्यमंत्री/संविधान दिवस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान दिवस के अवसर पर आज पुलिस लाइन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई और अभियोजन विभाग की पत्रिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नए आपराधिक कानूनों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए अभियोजन विभाग को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग को डिजिटलीकरण के कार्य के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान करने और अधिकारियों को राज्य में बोली जाने वाली विभिन्न बोलियों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियोजन सेवा हमारी न्याय व्यवस्था का वह महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो सत्य को प्रतिष्ठित करने और न्याय की प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारत का संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस अवसर पर सभी ने प्रस्तावना पट पर हस्ताक्षर भी किए।

## राज्य मंत्रिमंडल बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मानव—वन्यजीवों के बीच संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे हमलों में मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जो पहले छह लाख थी। साथ ही घायलों के इलाज का खर्च, सरकार वहन करेगी। बैठक में देहरादून शहर में प्रस्तावित मेट्रो नियो परियोजना के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मामलों के मंत्रालय के सुझावों को शामिल करने पर सहमति बनी। राज्य की दुकानों और प्रतिष्ठानों में कार्यरत महिलाओं को उनकी लिखित सहमति और पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने की छूट दी गई है। मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड दुकान एवं स्थापन अधिनियम—2017 में जरूरी संशोधन को भी मंजूरी दी, जिससे छोटे प्रतिष्ठानों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट बैठक के दौरान उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आंदोलनकारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## दिवाकर भट्ट अंत्येश्टि

उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता, उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट का आज हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और विधायक मदन कौशिक सहित कई अन्य गणमान्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सांसद बैठक

नैनीताल—ऊधमसिंह नगर सांसद और भारतीय विमानपत्तन हवाई अड्डा सलाहकार समिति के अध्यक्ष अजय भट्ट की अध्यक्षता में आज पंतनगर में समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने हवाई अड्डे के विस्तारीकरण को लेकर अपने सुझाव दिए। श्री भट्ट ने कहा कि पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से प्रदेश और क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही में बढ़ोतरी होने से आर्थिकी भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पंतनगर हवाई अड्डे के अंतरराष्ट्रीय स्तर के बनने के बाद औद्योगिक इकाइयों को भी लाभ मिलेगा।

## पम्प स्टोरेज प्लांट

टिहरी बांध परियोजना पर बन रहा एक हजार मेगावाट का देश का पहला वेरिएबल पंप स्टोरेज प्लांट अपने अंतिम चरण में है। टीएचडीसी के मुख्य तकनीकी अधिकारी एल.पी. जोशी ने बताया कि परियोजना की कुल चार यूनिटों में से 250—250 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट्स पहले ही भारतीय ग्रिड से सफलतापूर्वक जुड़कर नियमित बिजली उत्पादन कर रही हैं। शेष 500 मेगावाट की दो यूनिट्स पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और इन्हें भी जल्द ही ग्रिड से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना तकनीकी, पर्यावरणीय और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।
पंप स्टोरेज प्लांट के माध्यम से देश को कोयले पर निर्भरता कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में बड़ी सहायता मिलेगी।